# <u>कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)</u>

## अक्तूबर, 2019 माह के लिए मासिक सारांश

**<u>अक्तूबर, 2019 माह की महत्वपूर्ण घटनाएं निम्नानुसार है:</u>**

(क) मंत्रालय ने प्रशिक्षुता पखवाड़ा की शुरूआात 30 सितंबर, 2019 से 16 अक्तूबर, 2019 तक आकांक्षात्मक प्रशिक्षुता के निर्माण पहल में सभी हितधारकों को एक साथ लाने के उद्देश्य से मनाया गया। 16 अक्तूबर, 2019 को पारस्परिक उद्योग तथा प्रशिक्षुता पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया था। प्रशिक्षुता पखवाड़ा के प्रमुख परिणाम हैं: मंत्रालय ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान संलग्न प्रशिक्षुओं के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए थर्ड पार्टी एग्रीगेटर (टीपीए) को प्रोत्साहन की घोषणा की। वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान कुल मिलाकर 22 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने निर्धारित 2.6 लाख प्रशिक्षुओ के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए, एमएसडीई विजन 2025 पर राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ विस्तृत चर्चा की, 3000 से अधिक प्रशिक्षुओं वाले उद्योगों को सम्मानित किया गया और प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रशिक्षुता प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।

(ख) जेएसएस (जन शिक्षण संस्थान) के मौजूदा लक्षित समूह अर्थात गैर-साक्षर, नव-साक्षर तथा 8वीं कक्षा तक के शिक्षा के अल्प स्तर वाले व्यक्ति का विस्तार करने और 8वीं कक्षा से परे अन्य स्कूल बीच में छोड़ने वाले अर्थात 15-35 वर्ष की आयु वर्ग में 12वीं कक्षा तक लक्षित लाभार्थियों के आयु समूह को 15-35 वर्ष से 15-45 वर्ष तक संशोधित करने का निर्णय लिया गया है।

(ग) जम्मू और कश्मीर राज्य में आरपीएल (पूर्व शिक्षण मान्यता) प्रशिक्षण के तहत, कुल 50,595 उम्मीदवार उन्मुख हुए हैं। इसके अतिरिक्त जम्मू और कश्मीर में आरपीएल का संचालन करने हेतु खाद्य उद्योग क्षमता और कौशल पहल (एफआईसीएसआई) को कुल 10,000 लक्ष्य आवंटित किए गए थें। आठ सेक्टर कौशल परिषदों (एसएससी) को कुल 80,000 में से प्रत्येक को 10,000 का लक्ष्य दिया गया था।

(घ) सर्वोच्च न्यायालय में आरपीएल प्रशिक्षण के अंतर्गत टाटा स्ट्राइव और मारूति सुजुकी ने सर्वोच्च न्यायालय के क्रमश: रसोइयों और चालकों के एक बैच का प्रशिक्षण पूरा किया है। प्रशिक्षण दो दिनों में प्रसारित हुआ था, जिसमें सुरक्षा पहलुओं, व्यक्तिगत सौंदर्य, सॉफ्ट स्किल और कुछ तकनीकी पहलुओं को शामिल किया गया था।

(ङ) बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा) एमएसडीई के तहत सेक्टर कौशल परिषद ने आरपीएल बेस्ट इन क्लास एम्पलायर्स के अंतर्गत 1,70,000 ग्रामीण डाक सेवकों को प्रमाणित करने हेतु इंडिया पोस्ट पेमेंटस बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन किया है। इसी के तहत अब तक कुल 9046 उम्मीदवारों को प्रमाणित किया जा चुका है।

(च) औद्योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) परियोजना के अंतर्गत प्रगति रिपोर्ट इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 7 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 34 आईटीआई ने गोवा, सिक्किम राज्य सरकारों और भारत सरकार के बीच स्ट्राइव परियोजना को लागू करने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उद्योग मंडली पहल (आईएआई) योजना की तैयारी में उनका सहयोग देने के लिए स्ट्राइव परियोजना के अंतर्गत चयनित उद्योग समूहों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेस आयोजित किए गए और क्षेत्र का दौरा भी किया गया, 46 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) और पंजाब, आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना की राज्य कार्यान्वयन दल ने क्षमता निर्माण कार्यशालाओं को आयोजित किया।

(छ) 09.01.2019 को आयोजित 9वीं अनुशंसा समिति की बैठक में प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी), एमएसडीई के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) की बैठक क्षमता को 2019 सत्र के लिए 7680 तक बढ़ा दिया गया था।

*****